





## एक नजर में

### किसान यूनियन देगा धरना

**सरदारपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा सरदारपुर तहसील के ग्राम धुलेट में सर्विस रोड पर 16 मार्च वार सोमवार सुबह 11 बजे से निम्न लिखित मांगो के लिए अनिश्चित कालीन धरना का आह्वान किया गया है गेंहू का समर्थन मूल्य 2700 रुपए किया जाए। सोसाइटी की ऋण राशि जमा करवाने की तारीख 31 अप्रैल की जाए दतीगांव से धुलेट के बीच खरमोर अभ्यारण के लिए बनाई गई टीन की दीवार हटाई जाए। महावीर जलाशय के वेस्टवेयर नाले पर पुलिया निर्माण किया जाए। धार जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सोनोग्राफी मशीन चालू की जाए। समस्त किसान भाइयों से निवेदन है की अपने हक और अधिकार की लड़ाई में समर्थन करने अवश्य पधारें।

### धार जिले की अंडर-13 क्रिकेट टीम घोषित

**इंदौर।** डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट स्पर्धा जो खरगोन जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 20/03/2026 से आयोजित की जाएगी इस हेतु धार जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा दिनांक 15 .02 .2026 को डी.आर.पी.लाईन मैदान पर चयन ट्रायल आयोजित किया गया जिसमें अंडर-13 की क्रिकेट टीम का चयन मुख्य चयनकर्ता,प्रमोद शर्मा,अम्बालाल पाटीदार,कपिल यादव ने किया चयन स्पर्धा में जिले की समस्त तहसीलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया चयनित टीम इस प्रकार है प्रत्यूष यादव (कप्तान) दर्श चौहान (धार) अरुण वर्मा (धार) वेदांश सूर्यवंशी (मनावर) राजवीर जिराती (धार) वैदिक यादव (धार) कुंदन वसुनिया (राजगढ) अथर्व राठोड (धार) लाभांश चोयल (राजगढ) तेज पाटीदार (मनावर) रचित कटारिया (धार) अक्षित पडीयाल (धार) तन्मय चौहान (धार) धीरज नाथ (राजगढ) श्रीमन शर्मा (मनावर) प्रवीण यादव (धार), विट्ठू वसुनिया (राजगढ), चेतन्य गवली (मनावर), कुशाग्र बर्फा (राजगढ), श्रेष्ठ कन्जरिया (राजगढ) टीम कोच एवं मैनेजर लक्ष्मण सिंह चौहान होंगे चयनित टीम को एसोसिएशन के चेयरमैन करन सिंह पवार, अध्यक्ष प्रदीप जोशी, सचिव राजेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष धीरेंद्र दीघे, विनोद जी मित्तल, डॉ अजेश माइकल, रामगोपाल शर्मा, अमित जैन, युनुस खान धरमपुरी आदि ने बधाई प्रेषित की यह जानकारी एसोसिएशन के प्रवक्ता कुशाल शर्मा ने दी।

### महावीर समिति के अध्यक्ष बने संजय भंडारी सचिव बने कीर्तिश चाणोदिया



**पेटलावद।** सकल जैन समाज की प्रतिनिधि संस्था महावीर समिति की एक आवश्यक बैठक दिनांक 13 अप्रैल 2026 को गुरु मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे बैठक में सर्वसम्मति से संजय भंडारी (गुड्डू) को महावीर समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके अध्यक्ष बनने पर उपस्थित समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी नव मनोनीत अध्यक्ष संजय भंडारी ने अपने दो वर्षीय कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें कीर्तिश चाणोदिया को सचिव, अनोखीलाल लोढ़ा एवं विनोद बम को उपाध्यक्ष, अनुपम भंडारी को कोषाध्यक्ष तथा पीयूष पटवा को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष संजय वोहरा ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों की जानकारी समाजजनों के समक्ष रखते हुए सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने नव नियुक्त अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि समिति समाजहित, धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा समाज के विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगी।

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक



**बाकानेर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिता सिंगारे और मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप कुमार नाग की अध्यक्षता में बाकानेर में समीक्षा बैठक ली। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने बैठक में रजिस्ट्रेशन, जांच, सिकल सेल जांच, एंट्री रियल टाइम में करना, स्क्रीनिंग एवं फॉलोअप, निक्षय आईडी बनाना, इंडियन करना, डिलीवरी अपडेशन, प्रतिदिन पांच आयुष्मान कार्ड बनाना अनिवार्य सहित इन बिंदुओं पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा विस्तार से पीपीटी के माध्यम समीक्षा की गई। जिन कर्मचारियों का परफॉर्मेंस टॉप 5 में था उन्हें प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित किया गया। जिन कर्मचारियों का काम टॉप 5 मे सबसे निचले स्तर पर था उन्हें और मेहनत करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ बी .आर कौशल डॉ वीरेंद्र धारवे डॉक्टर योगेश डॉक्टर दिनेश चौहान देवकरण खांडेकर विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक जितेंद्र डोडवे विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइज समस्त एएनएम समस्त, समस्त सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित थे।

### मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार 2026 से धार के कलाकार अनूप श्रीवास्तव सम्मानित

**धार।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार 2026 के अंतर्गत इस वर्ष प्रदेश के 10 कलाकारों को उनकी उत्कृष्ट कलाकृतियों के लिए सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में धार (मध्यप्रदेश) के कलाकार अनुप श्रीवास्तव को उनकी कृति 'मांडू सीरिज 1' के लिए राममनोहर सिन्हा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। मांडू सीरिज 1 में कलाकार ने ऐतिहासिक नगरी मांडू की स्थापत्य सुंदरता, प्रकृति और सांस्कृतिक वातावरण को अपने विशिष्ट रंगबोध के साथ प्रस्तुत किया है। इस श्रृंखला में मांडू के स्मारकों, स्थापत्य और वहाँ की रंगीन सांस्कृतिक स्मृतियों को समकालीन कला भाषा में अभिव्यक्त किया गया है। अनुप श्रीवास्तव मध्यप्रदेश के सक्रिय समकालीन चित्रकारों में से एक हैं और वर्तमान में धार से कला सृजन कर रहे हैं। वे अब तक 10 से अधिक एकल (स्थ्द्यश्) प्रदर्शनियां कर चुके हैं तथा भारत और विदेशों में लगभग 25 कला शिविरों में भाग ले चुके हैं, जिनमें मलेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कला शिविर भी शामिल है। उनकी कला श्रृंखलाएँ 'रंग मांडू' और रंग बाज़ार विशेष रूप से चर्चित रही हैं, जिनमें मालवा क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, स्थापत्य और लोकजीवन के रंगों को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदेश के कलाकारों को दिया जाने वाला एक महत्वपूर्ण सम्मान है, जो समकालीन कला में उनके रचनात्मक योगदान को मान्यता देता है। इस उपलब्धि पर कला जगत और कला प्रेमियों ने कलाकार अनूप श्रीवास्तव को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### येलकोट-येलकोट जय मल्हार से गूंजता रहा उषा नगर

**इंदौर .** शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े श्रद्धालुओं ने शनिवार को सुबह उषा नगर स्थित गजासीन शनि मंदिर एवं समूचे उषा नगर क्षेत्र में साईं बाबा की पालकी यात्रा एवं प्रभात फेरी निकालकर समूचे क्षेत्र को साईंमय एवं भक्तिमय बनाए रखा . शनि मंदिर के पास साईं भक्त मधुकर-आशा बुधे के निवास से प्रारंभ हुई पालकी यात्रा और प्रभात फेरी का कारवां जहाँ-जहाँ से गुजरा, साईं भक्तों ने पुष्प वर्षा कर पालकी का पूजन किया, आरती उतारी और साईं भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया . महाराष्ट्रियन समाज की महिलाओं ने फुगड़ी खेलकर अपने आराध्य बाबा की अगवानी की और येलकोट-येलकोट जय मल्हार के उद्घोष से पूरे क्षेत्र को गुंजायमान बनाए रखा . श्री केन्द्रीय सांई सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव, मधुकर बुधे एवं समीर जोशी ने बताया कि पिछले 11 दिनों से चल रहा बाबा की पालकी यात्रा और प्रभात फेरी का यह कारवां दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है . शनिवार को उषा नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों परिवारों ने पूरी रात जागकर अपने-अपने घर-आंगन, गलियों और सड़कों को रंगोली, दीपों, फूलों एवं विद्युत छटा से सजाकर रखा .

# पक्षाल जैन के आलीराजपुर आगमन पर भव्य अभिनंदन किया

**विशाल चल समारोह के साथ हुआ सार्वजनिक अभिनंदन**

**आलीराजपुर।** संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त कर ऑल इंडिया स्तर पर उत्कृष्ट रैंक हासिल करने वाले होनहार युवा पक्षाल सेक्रेटरी जैन के प्रथम आलीराजपुर आगमन पर नगर में भव्य, ऐतिहासिक और अभूतपूर्व स्वागत किया गया।

इस अवसर पर शहर में विशाल चल समारोह निकाला गया तथा बाद में सार्वजनिक अभिनंदन समारोह आयोजित कर उनका सम्मान किया गया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं अधिवक्ता रहे स्वर्गीय प्रकाशचन्द्र जैन की नातिन दीप्ति सेक्रेटरी (बाग) के सुपुत्र और आलीराजपुर के परमार्थ मेडिकल स्टोर के संचालक राहुल जैन (लक्की) और मनीष जैन (नानपुर) के भांजे पाक्षाल जैन की इस उपलब्धि पर पूरे नगर में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। शाम लगभग 5 बजे बस स्टैंड से भव्य चल समारोह प्रारंभ हुआ, जो एम.जी. रोड से होते हुए राहुल जैन (लक्की) के निवास तक पहुँचा। इस दौरान पक्षाल जैन खुली गाड़ी में सवार होकर नागरिकों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। रास्ते में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पमालाओं और फूलों की वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। चल समारोह में महिलाएँ, युवतियाँ और युवा नृत्य व गरबा करते हुए शामिल हुए, वहीं देशभक्ति गीतों की गूंज से पूरा वातावरण उत्साह से भर उठा। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। मार्ग में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मकु परवाल के निवास पर सांसद अनिता चौहान ने भी पाक्षाल जैन का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात सोरवा रोड स्थित मां वाटिका गार्डन में प्रकाशचन्द्र जैन परिवार द्वारा भव्य अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मंच पर पुलिस अधीक्षक रघुवंश भदोरिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता महेश पटेल, भारतीय पत्रकार संघ 'एआईजे' के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं जागरूक नागरिक मंच के अध्यक्ष विक्रम सेन, जैन तीर्थ लक्ष्मणी के अध्यक्ष कमल जैन, जयस जिलाध्यक्ष अरविंद कनेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमप्रकाश राठौड़, श्री संघ जैन समाज अध्यक्ष मनीष जैन, गोविंद कापड़िया, जवाहर कोठारी सहित पाक्षाल के पिता निलेश सेक्रेटरी उपस्थित रहे। समारोह में सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में पक्षाल जैन एवं उनके परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए इसे पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी बताया।

अपने उद्बोधन में पक्षाल जैन ने कहा कि उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई सरकारी विद्यालय से की और उनके नानाजी स्वर्गीय प्रकाशचन्द्र जैन का सपना था कि वे आईएएस बनें। उन्होंने कहा कि नानाजी के आशीर्वाद और माता-पिता के सहयोग से ही वे इस मुकाम तक पहुँचे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि बड़ा सपना देखना चाहिए और उसे पूरा करने के लिए कठोर परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई का कोई विकल्प नहीं है और जीवन को सुरक्षित बनाना है तो शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। पक्षाल जैन ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता दीप्ति सेक्रेटरी, पिता निलेश सेक्रेटरी तथा छोटी बहन क्रिया सेक्रेटरी को दिया। इस अवसर पर उनकी माता दीप्ति सेक्रेटरी ने कहा कि पाक्षाल ने अपनी पढ़ाई के दौरान मोबाइल का त्याग किया, खान-पान की परवाह किए बिना लगातार अध्ययन किया और यहां तक कि पारिवारिक आयोजनों में भी शामिल नहीं हुए। उनकी मेहनत और समर्पण के कारण ही आज यह सफलता संभव हो सकी। वहीं उनकी छोटी बहन क्रिया सेक्रेटरी ने कहा कि वह भी अपने भाई से प्रेरणा लेकर पढ़ाई में आगे बढ़ना चाहती हैं और भविष्य में उनसे भी बेहतर उपलब्धि हासिल करने का लक्ष्य रखती हैं। कार्यक्रम का संचालन मोनिका जैन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन राहुल जैन (लक्की) एवं रिया जैन ने किया। मीडिया प्रभारी कृष्णकांत बेड़िया के अनुसार इस अवसर पर जैन समाज सहित आलीराजपुर के विभिन्न समाजों के गणमान्य नागरिक, महिलाएँ और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## हिंदू नववर्ष पर श्री चिंतामण गणेश मंदिर में छप्पन भोग महाप्रसादी 19 मार्च को

**बदनावर।** हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तथा गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार इस वर्ष भी नगर के श्री चिंतामण गणेश मंदिर किला परिसर में भगवान श्री गणेश को छप्पन भोग अर्पित करने का धार्मिक आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा दी गई।

जानकारी के अनुसार गुरुवार 19 मार्च को शाम 6.30 बजे विशेष आरती के साथ भगवान श्री चिंतामण गणेशजी का श्रृंगार कर श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग लगाया जाएगा तथा बाद में महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन हिन्दू नववर्ष के स्वागत और धार्मिक आस्था के प्रतीक रूप में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। समिति सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को भगवान के दर्शन करने तथा प्रसाद ग्रहण करने का अवसर मिलेगा। मंदिर परिसर में आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं और व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी भी तय की जा रही है। मंदिर प्रबंधन ने नगरवासियों, श्रद्धालुओं और भक्तजनों से सपरिवार उपस्थित होकर भगवान श्री गणेश के दर्शन करने तथा छप्पन भोग महाप्रसादी का लाभ लेने की अपील की है, ताकि धार्मिक परंपरा के इस आयोजन को सामूहिक सहभागिता के साथ सफल बनाया जा सके।

## कोठारी पश्चिमी मप्र प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश सचिव

**माहेश्वरी समाज एवं महिला मंडल ने दी शुभकामनाएं**




**आलीराजपुर।** पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के प्रादेशिक चुनाव 12 मार्च को देवास में सम्पन्न हुए। इस चुनाव में भोज अंचल से आलीराजपुर जिले की सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता अनिता कोठारी को संगठन का प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति से माहेश्वरी समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखा गया। अनिता कोठारी लंबे समय से माहेश्वरी समाज एवं महिला संगठन की गतिविधियों से सक्रिय रूप से जुड़ी रही हैं।

सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा कार्यों में उनकी निरंतर सहभागिता और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। समाजजनों का कहना है कि उनके नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों को नई गति और दिशा मिलेगी तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सार्थक पहल आगे बढ़ेगी। उनकी नियुक्ति पर आलीराजपुर माहेश्वरी समाज, माहेश्वरी महिला मंडल, माहेश्वरी वधु मंडल, माहेश्वरी मित्र मंडल सहित समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समाज के प्रतिनिधियों ने विश्वास व्यक्त किया कि अनिता कोठारी प्रदेश स्तर पर समाज की महिलाओं को संगठित कर सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस अवसर पर समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने कहा कि माहेश्वरी महिला संगठन समाज में सेवा, सहयोग और संस्कारों की परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अनिता कोठारी की नियुक्ति से आलीराजपुर जिले का गौरव बढ़ा है तथा समाज की महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी। समाजजनों ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान देंगी।

## मल्टीस्पेशलिस्ट स्वास्थ्य शिविर आयोजित







**मनावर।** अल्ट्राटेक सीमेंट वर्क्स के सी. एस. आर. विभाग द्वारा विशाल मल्टीस्पेशलिस्ट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सीतापुरी में कुल 220 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

विभाग द्वारा स्वास्थ्य गतिविधियों के अंतर्गत ग्राम सीतापुरी में स्वास्थ केंद्र पर संसाधन प्रमुख श्री राजेश जी जैन के मार्गदर्शन एवं सी. एस. आर. प्रमुख श्री विपिन जी सक्सेना के दिशानिर्देश में विशाल मल्टीस्पेशलिस्ट शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत सीतापुरी में किया गया। जिसके अंतर्गत कुल 220 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

शिविर में स्त्रीरोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, दन्त रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन व नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर्स ने सेवाएं प्रदान की। शिविर को सफल बनाने के लिए डॉ. बृज सोनी मुख्य चिकित्सा अधिकारी धार सीमेंट मेडिकल ऑफिसर दिनेश प्रसाद, सी. एस. आर. टिम के सुशांता दास, सुखलाल वास्केल, प्रिया सोनी, तूलिका, आर्यन, ओंकारा लेडिस क्लब की सदस्य पिंकी जैन, बिंदु मंत्री एवं स्वास्थ विभाग की सी. एच. ओ. योगलता बामनिया, शुभम् पटेल आदि ने योगदान दिया ! ग्रामवासियों ने अल्ट्राटेक धार सीमेंट वर्क्स का आभार व्यक्त किया !

## जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां का एकदिवसीय प्रशिक्षण



**सरदारपुर ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर समिति ग्राम विकास समिति ग्राम भरावदा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति का क्षमता वर्धन कार्यक्रम बालोदा खोदरा आश्रम पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आश्रम के जगदीश दास और मेंटर्स वीरेंद्र राणावत नवांकुर समिति के अर्जुन हाडा और कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा समिति सदस्यों को धार्मिक कार्य में रुचि रखने व हिंदू सनातन संस्कृति के बारे में जानकारी दी।

वीरेंद्र रणावत द्वारा समितियां को गांव में कैसे ग्राम विकास के कार्य कार्यक्रम करके गांव को सुंदर व स्वस्थ बनाए जा सकता है इसके साथ ही समिति की योजना व कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी नवांअंकुर समिति के अर्जुन हाडा ने बताया कि समिति के बैनर तले गांव में ग्राम विकास के कार्यक्रम करके गांव को कैसे आदर्श गांव बनाया जा सकता है समिति सदस्य को बताया कार्यक्रममें नवाअंकुर समिति के जीवन चौधरी नंदराम बारिया ने अपने अनुभव शेयर किया कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में पत्रकार सरदार पाटीदार समिति के जालम सिंह कुलहारा राजेश सोलंकी रवि सोलंकी लखन एवं हर समिति के कई सदस्य मौजूद रहे ।

### लोक अदालत प्रेम और भाईचारे के संदेश का सशक्त मंच

**इंदौर।** तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के तत्वावधान में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ शनिवार को गरिमामय वातावरण में हुआ। लोक अदालत के माध्यम से वर्षों से लंबित प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण निराकरण कर न्याय को सरल, त्वरित और मानवीय स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर एक मार्मिक घटना ने सभी को भावुक कर दिया, जब पारिवारिक कारणों से पिछले पाँच-छह वर्षों से अलग-अलग रह रहे एक बुजुर्ग दंपत्ति के बीच समझौता कराया गया और दोनों को पुन: सम्मानपूर्वक साथ-साथ अपने घर विदा किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने नेशनल लोक अदालत के महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक अदालत केवल मुकदमों के निराकरण का मंच नहीं, बल्कि समाज में आपसी विश्वास, प्रेम और सौहार्द को मजबूत करने का माध्यम है। लोक अदालत का मूल उद्देश्य यह है कि लोग आपसी संवाद और समझदारी से अपने विवादों का समाधान करें, जिससे समय, धन और रिश्तों, तीनों की रक्षा हो सके। इस अवसर पर सीनियर सिविल जज रिजवाना कौसर, न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या श्रीवास्तव, एडीपीओ विक्रम राव बेन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अंतर सिंह मौर्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र पटेल ने भी पक्षकारों से लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।



## महिलाओं के हृदय स्वास्थ्य पर की चर्चा

**शहर में जुटे देश-विदेश के विशेषज्ञ**

**इंदौर.** महिलाओं के हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और कार्डियोवैस्कुलर चिकित्सा में ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वूमेंस कार्डियक केयर कॉन्फ्रेंस 2026 का 18वां संस्करण मेरियट होटल में आयोजित किया जा रहा है. सम्मेलन का आयोजन वूमंस इन कार्डियोलॉजी एंड रिलेटेड साइंस एसोसिएशन द्वारा किया गया है. इस दो दिन की कॉन्फ्रेंस में भारत और विदेश से 500 से ज़्यादा जाने-माने कार्डियोलॉजिस्ट हिस्सा ले रहे हैं.

कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह में सांसद शंकर लालवानी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए. उन्होंने कहा कि इंदौर न सिर्फ़ देश का सबसे साफ़ शहर है, बल्कि एक प्रोग्रेसिव शहर भी है जो हेल्थ, साइंस और मेडिकल इनोवेशन को बढ़ावा देता है. इंडियन काउंसिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च की एडिशनल डायरेक्टर जनरल डॉ. संघमित्रा पाती ने हेल्थकेयर सर्विसेज़ को मज़बूत करने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया और आयुष्मान भारत जैसी नेशनल स्कीम्स की अहम भूमिका पर ज़ोर दिया. विशेष अतिथि के रूप में अभिनेत्री और क्लासिकल डांसर सुधा चंद्रन ने अपनी ज़िंदगी के संघर्षों और जीत की प्रेरणा देने वाली कहानी साझा की और महिलाओं को आत्मविश्वास और पक्के इरादे के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. कॉन्फ्रेंस की ऑर्गनाइज़र और विनकार्स की प्रेसिडेंट, डॉ. सरिता राव ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य दुनिया भर के विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर शोध, ज्ञान साझा करने और महिलाओं में हृदय रोगों की रोकथाम व उपचार को मजबूत करना है.

**एक नजर में** | **सानंद न्यास के मंच पर मराठी नाटक का धूम धड़ाके के साथ मंचन**

## धमाल कॉमेडी नाटक साबित हुआ शिकायला गेलो एक

**इंदौर.** सानंद न्यास के पांच दशक समूहों के लिए मराठी नाटक शिकायला गेलो एक का सफल मंचन खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में प्रारंभ हुआ.

मराठी रंगमंच पर पारिवारिक हास्य नाटकों की परंपरा हमेशा से लोकप्रिय रही है. इसी परंपरा में हाल के दिनों में चर्चा में आया नाटक है प्रशांत दामले की 'गौरी' निर्माण संस्था का 'शिकायला गेलो एक'. लेखक और निर्देशक अद्वैत दादरकर ने इस नाटक के माध्यम से हल्के-फुल्के हास्य के जरिए परिवार के रिश्तों, पीढ़ियों के बीच विचारों के अंतर और 'सीखने' की प्रक्रिया पर दिलचस्प टिप्पणी की है. दरअसल, यह नाटक द.मा. मिरासदार की कहानी व्यंकूची शिकवणी के आधार पर लिखा गया है. बहरहाल,यह नाटक केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जीवन के कुछ सरल लेकिन महत्वपूर्ण अर्थ भी सामने लाता है. नाटक की कहानी एक मध्यमवर्गीय परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है. जीवन के एक पड़ाव पर जब कोई व्यक्ति कुछ नया सीखने का निर्णय लेता है, तो घर के अन्य सदस्यों की प्रतिक्रियाएं, उनसे पैदा होने वाली गलतफहमियां और मज़ेदार परिस्थितियां



नाटक को आगे बढ़ाती हैं. पीढ़ियों के बीच का 'जनरेशन गैप' और हर किसी का दूसरे को कुछ न कुछ सिखाने का स्वभाव इस नाटक में हास्यपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया है. साधारण परिस्थितियों से उत्पन्न होने वाला सहज और स्वाभाविक हास्य इस नाटक की सबसे बड़ी विशेषता है. कुल मिलाकर, 'शिकायला गेलो एक' ऐसा नाटक है जो दर्शकों को भरपूर हँसी देता है और साथ ही परिवार के रिश्तों की बारीकियों तथा जीवन भर चलने वाली सीखने की प्रक्रिया की ओर ध्यान आकर्षित करता है.

### भूमिकाओं को ईमानदारी से निभाया

नाटक का सबसे मजबूत स्तंभ निस्संदेह प्रशांत दामले हैं . मराठी रंगमंच पर उनकी कॉमिक टाइमिंग प्रसिद्ध है और इसका प्रभाव इस नाटक में भी स्पष्ट दिखाई देता है . उनका सहज अभिनय, संवाद अदायगी और दर्शकों के साथ स्थापित होने वाला सीधा जुड़ाव नाटक को लगातार जीवंत बनाए रखता है . ऋषिकेश शेलार और सुशील इनामदार ने भी अपनी-अपनी भूमिकाओं को पूरी ईमानदारी से निभाया है . विशेष रूप से ऋषिकेश शेलार का स्वाभाविक अभिनय और संवादों में सहजता ध्यान आकर्षित करती है . नाटक की महिला पात्रों को अनघा भगरे और समृद्धि मोहरीर ने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है . उनकी भूमिकाओं से कहानी को एक भावनात्मक आयाम मिलता है और नाटक केवल हास्य तक सीमित नहीं रहता . चिन्मय माहुरकर की भूमिका भी नाटक में एक अलग ऊर्जा और गति लेकर आती है . सभी कलाकारों के बीच का तालमेल इस नाटक की बड़ी ताकत है .